प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक राष्ट्र–एक चुनाव अभियान के तहत राज्य स्तरीय सम्मेलन को किया संबोधित : कहा– विकास में बाधा बनते हैं बार–बार होने वाले चुनाव।
2. मुख्यमंत्री न लखनऊ में पांच दिवसीय ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर– 2025 का किया शुभारंभ : कहा– प्रधानमंत्री ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया ह बढ़ावा।
3. एनसीआर की तर्ज़ पर कानपुर और आसपास के 8 जिलों का होगा विकास : कानपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के गठन क लिये तैयारी शुरू।

और

4. मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये हीटवेव का यलो अलर्ट किया जारी : लू चलने से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की हो सकती है बढ़ोत्तरी।

————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक राष्ट्र–एक चुनाव अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय सम्मेलन में शिरकत की। कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र भी मौजूद रहे। सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित इस

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कम अंतराल पर होने वाले चुनाव राजनीतिक अस्थिरता बढ़ाते हैं और देश में विकास की संभावनाएँ बाधित होती हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव एक अहम कदम है। बाइट.....

*निश्चित दो हज़ार चौंतीस में वन नेशन वन इलेक्शन साकार होगा और दो हज़ार चौंतीस से फिर देश के अंदर एक चुनाव पाँच साल में होंगे पाँच साल के अंदर होने वाले चुनावों के कारण देश के अंदर लोगों के विकास के कार्यों को तेजी लाने में। एक व्यापक रोड मेप बनाने में और बार बार के इलेक्शन में होने वाले खर्च पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और उस पैसे का उपयोग देश के हित में आमजन के हित में गरीब कल्याण के लिए इंफ्रास्टक्चर को सुदृढ़ करने में उस पैसे का व्यापक उपयोग किया जा सकता है।*

————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 91 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और शोधार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अगले दो वर्ष में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। बाइट..

*आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्ष के अंदर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। यानी भारत इसलिए तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है क्योंकि आज भारत*

*की विकास की दर दुनिया के अंदर किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे बेहतर दिशा में आगे बढ़ रही है। हर एक क्षेत्र में भारत आज अपनी एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया के सामने भारत अपने आप को साबित कर रहा है। हर भारतीय अपने आप को साबित कर रहा है।*

————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न लखनऊ में आज से 5 दिवसीय ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर– 2025 का शुभारंभ किया। इसमें देशभर के केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिसबलों की 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य्मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। बाइट.....**

*तो हमें स्वस्थ भारत चाहिए और स्वस्थ भारत के लिए खेलकूद की इन गतिविधियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए और इसी दिशा में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश के अंदर एक नई। खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया। खेलो इंडिया खेलो फिट इंडिया मूवमेंट या फिर देश के अंदर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से देश के अंदर प्रत्येक जनपद में खोले गए साई के सेंटर इस बात के उदाहरण हैं।*

————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। वाराणसी दौरे पर प्रधानमंत्री एक जनसभा करेंगे और काशीवासियों को करीब 3 हज़ार 884 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मेंहदीगंज में होने वाली इस जनसभा के लिए मंच के निर्माण के साथ ही**

जर्मन हैंगर और बैरिकेडिंग का काम चल रहा ह। इसी के तहत वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम और पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

———————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अलीगढ़ में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया और नवीन आवासीय गौवंश चिकित्सा केन्द्र का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और गौ संवर्धन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी गौ वंश निराश्रित ना रहे। बाइट.....

*डबल इंजन की सरकार गौवंश के संरक्षण के लिए संवर्धन के लिए उनकी सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। सरकार के माध्यम से गौवंश की सेवा में कोई कमी न रह जाए। इसके लगातार उपाय भी किए जा रहे हैं। कदम भी उठाए जा रहे हैं।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार कानपुर और उसके आसपास के 8 जिलों को एनसीआर की तर्ज पर विकसित करेगी। कानपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के क्रियान्वयन के लिए एक क्षेत्रीय योजना तैयार की जाएगी, जो क्षेत्र में भूमि उपयोग के नियंत्रण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए नीतियां बनाने में मददगार होगी। कानपुर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए मास्टर प्लान–2051 बनाया जाएगा, जो क्षेत्रीय योजना के कार्यान्वयन, समन्वय और निगरानी को आसान बनाएगा। यह कानपुर के उपनगरीय क्षेत्रों के आसपास अव्यवस्थित विकास को नियंत्रित करने के साथ उद्यमियों को संगठित निवेश के अवसर प्रदान करेगा। योजना के तहत बांदा, हमीरपुर, फतेहपुर, जालौन, औरैया, कन्नौज और कानपुर नगर व देहात के अंतर्गत कुल 20,094 किमी वर्ग क्षेत्र में विकास परक योजनाओं को गति मिलेगी।

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की तत्काल सुनवाई के लिए उन्हें सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति जताई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायाधीश संजय कुमार और के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने जमीयत उलमा–ए–हिंद की ओर

से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया है। दलीलों में पाया गया कि इस मुद्दे पर कई याचिकाएं हैं और उन्हें तत्काल सुनवाई के लिए सूची बद्ध करने की जरूरत है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को अपनी सहमति दे दी है।

———————

डिजिटल लेनदेन और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर में प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है, जहां 2017—18 में राज्य में 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024—25 में दिसंबर तक यह आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया। खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई से हो रहे हैं।

———————

यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए छात्र अपने शैक्षिक विवरण में त्रुटि सुधार 9 अप्रैल तक कर सकते हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्यों को परिषद की वेबसाइट एमएसपी.ईडीयू.आईएन पर लॉग इन कर विवरण संशोधन कर सकते हैं।

———————

आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वर्ष का

विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। इस विषय का उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु को रोकना और महिलाओं के दोर्घकालिक स्वास्थ्य तथा कल्याण को प्राथमिकता देना है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने इस अवसर पर सभी से पोषण युक्त भोजन लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की है। बाइट....

*आज के इस दिन पर आप सबसे सिर्फ यही प्रार्थना है। अपनी सेहत का ख्याल रखें। आपका स्वास्थ्य आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जरूरी है कि आप पोषण युक्त भोजन लें और किसी न किसी फिजिकल एक्टिविटी में आप जरूर अपने आप को इन्वॉल्व करें क्योंकि हम सब के लिए एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना आज बहुत जरूरी हो गया है।*

————————

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों मं प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो दिनों में गाज़ियाबाद, हापुड, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ , आगरा, और आसपास के ज़िलों में लू चलने और तापमान में 2 से 3डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी का अनुमान है। हालांकि 9 अप्रैल के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है। बाइट.....

*आगामी दो दिनों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमानमें दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण कि आठ एवं नौ अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहींकहीं उष्ण लहर की परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं नौ अप्रैल के बाद संपूर्ण प्रदेश में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक घटोतरी होने की*

*संभावना है जिसके कारण कि दस अप्रैल से यदि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी हीट वेव की परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो उससे राहत मिलने की संभावना है।*

**(समाप्त)**